

## पीएनबी से 3 .36 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में ईडी ने चार्जशीट की पेश

- कोल्ड स्टोरेज के नाम पर लिया था 3 .50 करोड़ का लोन
- रकम अन्य खातों में डायवर्ट, 4 करोड़ की संपत्ति अटैच



नव भारत न्यूज

**इंदौर. पंजाब नेशनल बैंक से करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राम पाटीदार और उसके सहयोगियों के खिलाफ विशेष न्यायालय ( पीएमएलए ) इंदौर में अभियोजन शिकायत पेश की है. कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर दिए हैं.**

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार मामला सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर सामने आया था, जिसमें बैंक को धोखा देकर आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए थे. जांच में खुलासा हुआ कि राम पाटीदार ने एम/एस नर्मदा शीत गृह के नाम पर कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए 3.50 करोड़ रुपए का टर्म लोन लिया था. हालांकि, लोन राशि का उपयोग निर्माण कार्य में करने के बजाय उसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिया. यह रकम पाटीदार के नियंत्रण वाले खातों के साथ ही परमानंद पाटीदार, महेंद्र पाटीदार, मिथुन डावर सहित अन्य सहयोगियों के खातों में डायवर्ट की गई. इस तरह आरोपियों ने बैंक को करीब 3.36 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया. ईडी ने इससे पहले मामले में लगभग 4 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की थीं. जांच एजेंसी अब पूरे वित्तीय लेन देन और अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है.

धार भोजशाला मामला

## हाईकोर्ट ने 6 अप्रैल से लगातार सुनवाई का आदेश दिया



- याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को मिलेगा सुनवाई का पूरा मौका

**इंदौर. धार के भोजशाला विवाद में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर डिवीजन बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई की रूपरेखा तय की. कोर्ट ने आदेश दिया कि मामले की सुनवाई 6 अप्रैल सोमवार से लगातार चलेगी.**

सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए हाईकोर्ट को जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले इस मामले पर दिशा निर्देश जारी किए थे. कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद तय किया कि अंतिम सुनवाई में सबसे पहले पांच याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी जाएंगी, इसके बाद प्रतिवादी पक्ष की दलीलें और अंत में अंतरिम याचिकाओं पर विचार होगा. धार मुस्लिम समाज के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में कहा कि यह मामला धार सिविल कोर्ट में भी चल रहा है और वहां की सुनवाई जारी रहनी चाहिए. अदालत ने इस पक्ष को ध्यान में रखते हुए सुनवाई का क्रम निर्धारित किया. अब सभी पक्ष 6 अप्रैल से शुरू होने वाली सुनवाई की तैयारियों में जुट गए हैं, जिसमें पूरे मामले की निर्णायक दलीलों को सुना जाएगा.



## एमवाय अस्पताल में आसाराम की सीक्रेट एंट्री

- सुरक्षा के बीच कराया चेकअप

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** विवादित संत और दुष्कर्म मामले में सजा काट रहा आसाराम बापू गुरुवार को सुबह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचा. यहां उसने अनुयायियों की सुरक्षा के बीच मेडिकल चेकअप करवाया, फिर अनुयायियों के साथ वापस चला गया.

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल का माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया. क्योंकि यहां स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए अनुयायियों द्वारा आसाराम बापू को अस्पताल लाया गया, लेकिन यह इतने अचानक और गुप्त रूप से हुआ कि अस्पताल स्टाफ को भी जानकारी नहीं थी. इस दौरान उनके 10 से 15 करीबी अनुयायियों ने पहले ही साइड गेट से प्रवेश कर सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया था. सुबह 11 बजे एक ग्रे कार अस्पताल परिसर में रुकी. अनुयायियों ने एक सुरक्षा घेरा बनाया और आसाराम को कार से उतारकर अंदर ले जाया गया. अस्पताल प्रशासन ने प्रोटोकॉल के तहत व्हीलचेयर का इंतजाम किया था, लेकिन आसाराम ने व्हीलचेयर का इस्तेमाल करने से इनकार किया और रेलिंग का सहारा लेकर खुद अंदर गए. इस दौरान अस्पताल में भारी सुरक्षा बल तैनात रहा. केवल इमरजेंसी स्टाफ और डॉक्टरों को ही उस फ्लोर पर जाने की अनुमति थी, जहां आसाराम का चैकअप किया जा रहा था. अस्पताल प्रशासन और वहां मौजूद लोग आसाराम के इस अचानक और गुप्त तरीके अस्पताल पहुंचने से हैरान थे. अस्पताल परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अनुयायियों की मौजूदगी ने सुनिश्चित किया कि आसाराम बापू का मेडिकल चेकअप बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के पूरा हो सके. चैकअप के बाद आसाराम अपने अनुयायियों के साथ चले गए.

### एक नजर में

## हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़





**महू .** शहर में हनुमान जयंती पूरे भक्ति और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई . शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी . महू शहर के खड़े पाताल हनुमान मंदिर, सात रास्ता स्थित रामबाग हनुमान मंदिर, बड़गोंदा बालाजी मंदिर, भट्टे सरकार बालाजी मंदिर, बाल हनुमान मंदिर, ओकलेश्वर मठ मंदिर समेत ग्रामीण अंचलों में भी सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का सैलाब नजर आया . मंदिरों में जहां विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान किए गए . वहीं सुंदरकांड और भंडारों के आयोजन भी हुए . भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया . साथ ही सभी प्रमुख मंदिरों में हनुमान जी की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया . सुंदरकांड, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ बुधवार रात से शुरू होकर गुरूवार पूरे दिन चलता रहा . पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के मद्देनजर कई स्थानों पर बल तैनात किया, जिससे पर्व शांति और उल्लास के साथ सम्पन्न हो सके .

## मनकामनेश्वर महादेव तीर्थ यात्रा पूर्ण कर लौटे श्रद्धालु, किया स्वागत




**महू .** आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण पांच दिवसीय श्री मनकामनेश्वर महादेव तीर्थ यात्रा का समापन बुधवार देर रात लगभग 1 बजे हुआ, जब तीर्थ यात्रा गुजरात से देव दर्शन कर महूगांव पहुंची . समरस भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय को सार्थक करती पं . विकास विजय शर्मा की यह तीर्थ यात्रा 28 मार्च से प्रारंभ हुई थी . श्री मनकामनेश्वर महादेव ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी विशाल शर्मा ने बताया की यह तीर्थ यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति, सेवा, त्याग और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम थी, जिसमें प्रतिदिन प्रात :काल भजन, पूजन एवं देव दर्शन के साथ श्रद्धालुओं का दिन प्रारंभ होता था, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा . बसों में गूंजते भजन, जयकारे और प्रभु कीर्तन ने पूरे सफर को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रखा . यात्रा पूर्ण होने पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं यात्रा संयोजक पं . विकास विजय शर्मा ने मातृशक्तियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी श्रद्धालुओं को सफल तीर्थ यात्रा की मंगलमय शुभकामनाएं दीं . सभी श्रद्धालु अगले वर्ष पुन : तीर्थ यात्रा में शामिल होने का संकल्प लेकर अपने-अपने घर लौटे .

## संस्था अपने ने किया कीर्तन का आयोजन




**महू .** शहर के मोती चौक स्थित मुरली मनोहर मंदिर पर संस्था अपने द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया . कीर्तन में इंदौर की कृष्ण सखा मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया . कार्यक्रम में हरे रामा-हरे कृष्णा जैसे भजनों पर देर रात तक श्रद्धालुओ ने भक्ति नृत्य किया . महिलाओं द्वारा फूलों की होली खेली गई . इस दौरान मुरली मनोहर मंदिर में छप्पन भोग भी लगाया गया . कार्यक्रम में संस्था के अक्षय अग्रवाल, अनुज माहेश्वरी, सौरभ तायल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित गुप्ता, मोहित मोदी, आकाश वर्मा, प्रिंस अग्रवाल, डॉ . यश गोयल आदि मौजूद रहे .

## फावड़े से ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर युवक को पीटा

**इंदौर .** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में विवाद के दौरान युवक से मारपीट कर उसके ट्रैक्टर में फावड़े से तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है . थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि डायमंड पैलेस कॉलोनी में रहने वाले 32 वर्षीय फरियादी संजय भालेराव की शिकायत पर आरोपी पवन यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है . आदर्श इंदिरा नगर नाले के पास आरोपी ने पहले गाली गलौज कर संजय के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई . इसके बाद आरोपी ने ट्रैक्टर में रखे फावड़े से वाहन पर हमला कर दिया . हमले में ट्रैक्टर की हेडलाइट, इंडिकेटर टूट गए, जबकि पेट्रोल टंकी, बोनट और एयर क्लीनर भी क्षतिग्रस्त हो गए . पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## पुलिस ने चालान देर से पेश किया कोर्ट से आरोपी को मिल गई बेल

- लापरवाह क्राइम ब्रांच अधिकारी लाइन अटैच

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** एक गंभीर आपराधिक मामले में चालान समय पर कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण आरोपी को जमानत मिल गई. इस चूक के बाद क्राइम ब्रांच एडीसीपी ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया. किसी भी गंभीर अपराध में निर्धारित समय में चालान पेश करना अनिवार्य होता है. इसमें हुई देरी का सीधा फायदा आरोपी को मिला और उसे कोर्ट से राहत मिल गई.

पुलिस प्रशासन अब किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है. क्राइम ब्रांच में ताज़ा मामला सामने आया, जब टीआई सुजीत श्रीवास्तव ने समय रहते चालान डायरी कोर्ट में पेश नहीं की. इस तकनीकी और कानूनी चूक के कारण आरोपी सीधे लाभान्वित हुआ. एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह कार्रवाई विभाग के लिए सख्त संदेश है कि किसी भी अधिकारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी गंभीर मामलों में नियमों और वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुजीत श्रीवास्तव की कार्यप्रणाली को अनुशासनहीनता माना गया और लाइन अटैच का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया.

## कार ने 6 साल के बच्चे को कुचला, पैर फ्रैक्चर

- शांति निकेतन कॉलोनी में हादसा
- सीसीटीवी में कैद हुई भयावह घटना
- ड्राइवर और मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज



**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र की शांति निकेतन कॉलोनी में मंगलवार को 6 साल के बच्चे आयुष रावत के ऊपर कार चढ़ने का खौफनाक हादसा हुआ, जिसमें उसका पैर फ्रैक्चर हो गया. यह घटना कॉलोनी के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर दो बच्चे खेल रहे थे, तभी ग्रे कलर की कार पीछे से आई और एक बच्चे को चपेट में ले लिया. कार का अगला पहिया बच्चे के पैरों के ऊपर से और पिछला पहिया उसके शरीर के ऊपर से गुजरता है. कार निकलने के बाद बच्चा खुद उठने की कोशिश करता नजर आया.

थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि कार संजय अग्रवाल के नाम पर रजिस्टर्ड है और इसे उनका ड्राइवर दीपक पिता प्रहलाद चौहान उम्र 27 साल चला रहा था. हादसे के बाद संजय अग्रवाल खुद बच्चे को लेकर बॉम्बे अस्पताल पहुंचे और अपने ड्राइवर को थाने भेजकर एफआईआर दर्ज करवाई. आयुष रावत के पिता अजय पेशे से मजदूर हैं और परिवार कॉलोनी में ही रहता है. बॉम्बे अस्पताल में भर्ती आयुष की हालत स्थिर बताई जा रही है. पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और ड्राइवर समेत जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

## विहिप का थाने में हंगामा, प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई की मांग

- जिला सहमंत्री राम दांगी के साथ धक्का-मुक्की

**इंदौर.** विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री राम दांगी के साथ धक्का मुक्की किए जाने के बाद परिषद के कार्यकर्ताओं ने राऊ थाना में जमकर हंगामा किया. कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी के खिलाफ दो दिन में कोई कार्रवाई न होने पर थाने का चक्काजाम करने की चेतावनी दी. इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक कार्यकर्ता थाने में मौजूद रहे.

घटना बुधवार रात लगभग 11 बजे की बताई गई है. दरअसल, प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी ने परिषद के एक कार्यकर्ता के भाई को पकड़कर थाने लाया था. आरोप है कि युवक मादक पदार्थ बेचने वाले व्यक्ति के घर के पास गया था. युवक के भाई और उसकी मां जब थाने पहुंचे, तो उन्हें भी थाने में बैठा लिया था. कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब यह घटना जिला सहमंत्री राम दांगी को पता चली, तो वे थाने पहुंचे और बात करने की कोशिश की. इस दौरान प्रधान आरक्षक ने अपशब्द कहकर और धक्का मुक्की कर कार्यकर्ताओं को भड़काया. मामले में थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने आवेदन लेकर युवक को छोड़ने की बात कही और समझाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता हंगामा करते रहे. उनका आरोप था कि अजय ठाकुर नामक व्यक्ति गांजा और अन्य अवैध मादक पदार्थ बेचता है और थाने के जवान यहां आते-जाते हैं.

### एसीपी के कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए कार्यकर्ता

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे थाने का घेराव कर चक्काजाम करेंगे . घटना की जानकारी लगते ही एसीपी निधी सक्सेना थाने पहुंचीं और मामले को संभाला . उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और कार्यकर्ताओं को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया . वीएचपी के जिला सहमंत्री राम दांगी ने बताया कि प्रधान आरक्षक और उनके साथी पुलिसकर्मी ने महिला कार्यकर्ता के साथ भी अपशब्द कहे और धक्का दिया, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और उनसे भी धक्का मुक्की की गई .

## फर्जी अश्लील वीडियो वायरल कर युवती को बदनाम किया

**इंदौर.** मानपुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर फर्जी अश्लील वीडियो वायरल कर युवती को बदनाम करने का मामला सामने आया है. आरोपी ने दूसरी लड़की का वीडियो युवती के नाम से प्रसारित किया. थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे ने बताया कि 20 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पंकज यादव निवासी मतलबपुरा के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है. आरोपी ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पहले आपत्तिजनक चैटिंग की और बाद में युवती के नाम से अश्लील वीडियो वायरल कर दिया. वीडियो में आरोपी ने युवती के पति की फोटो लगाकर उसे उसकी पत्नी बताते हुए प्रसारित किया, जिससे परिवार में विवाद हो गया और पति ने उसे घर से निकाल दिया. पीड़िता ने वीडियो और चैट के स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंपे हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## लूट मामले में किन्नर गुरु सपना को मिली अग्रिम जमानत

- पंढरीनाथ थाना केस में हाई कोर्ट से सशर्त राहत
- गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में दर्ज लूट के मामले में आरोपी किन्नर गुरु सपना को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है. सुनवाई के बाद कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर करते हुए गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है.**

पुलिस के अनुसार सपना गुरु के खिलाफ 29 जनवरी को मामला दर्ज किया था. आरोप है कि 12 जून 2024 को उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर किन्नरों के एक समूह से लाखों रुपए, करीब 10 किलो चांदी और सोने के जेवर लूटे थे. इस दौरान दो किन्नरों के साथ मारपीट कर उनके हाथ पैर तोड़ने के आरोप भी लगाए हैं. मामले में पुलिस अब तक सपना गुरु की गिरफ्तारी नहीं कर सकी थी और उनकी तलाश की जा रही थी. मामला दर्ज होने से पहले 24 जनवरी को सपना गुरु ने पुलिस आयुक्त संतोष सिंह को शिकायत देकर आशंका जताई थी कि उनके खिलाफ साजिश के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कराया जा सकता है और किसी भी शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग की थी.

वहीं कोर्ट में सपना गुरु के वकीलों ने दलील दी कि घटना करीब डेढ़ से दो साल पुरानी बताई जा रही है, लेकिन मामला अब दर्ज किया गया, जो संदेह पैदा करता है. साथ ही यह भी कहा गया कि अधिकारियों को पहले से अवगत कराने के बावजूद पंढरीनाथ थाना पुलिस ने जल्दबाजी में कार्रवाई की.

## पति से विवाद के बाद 3 बच्चों की मां ने जहर खाकर दी जान

- मोबाइल पर युवक से चैटिंग को लेकर पति-पत्नी में हुआ था विवाद

**इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में तीन बच्चों की मां ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई.**



थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया ने बताया कि 26 वर्षीय मृतका का नाम सीमा पति चंद्रभान प्रजापति निवासी अभिषेक नगर है. चंद्रभान ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे घर पहुंचा तो सीमा की तबीयत खराब थी. पूछने पर उसने जहर खाने की बात बताई, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले गया. जबकि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सीमा की करण नाम के युवक से मोबाइल पर बातचीत और चैटिंग को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था. इसी बात से आहत होकर उसने यह कदम उठाया. दोनों की शादी को करीब 8 साल हो चुके थे और उनके तीन बच्चे हैं. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. महिला के मोबाइल की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

जल संकट ▶ पानी की भारी किल्लत के चलते रहवासियों की दैनिक दिनचर्या हुई अस्त-व्यस्त


## नलों से कम सप्लाई के कारण निजी टैंकरों से खरीदना पड़ रहा पानी

**इंदौर.** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, पानी की भारी किल्लत और दूषित पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है. कई कॉलोनियों में नलकूप सूखने के कारण टैंकर ही एकमात्र सहारा बने हुए हैं. शहर के कई हिस्सों में 1997 के समय की पाइपलाइनें हैं, जो क्षतिग्रस्त हैं और दूषित पानी की मुख्य वजह बन रही हैं. नगर निगम के तमाम दावों के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि शहर के कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं.




पेयजल की इसी तरह की गंभीर समस्या पिपल्याहाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 50 स्थित चौहान नगर में सामने आई है. यहां नर्मदा लाइन से बेहद कम पानी की सप्लाई होने के कारण गंभीर जल संकट बना हुआ है, जिससे स्थानीय रहवासियों की दैनिक दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है. चौहान नगर में नर्मदा लाइन के माध्यम से नगण्य या बहुत ही कम मात्रा में पानी आ रहा है, जिससे दैनिक आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पा रही है. क्षेत्र के रहवासियों के अनुसार, नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे टैंकर पर्याप्त नहीं हैं, जो पानी की भारी मांग को पूरा करने में विफल हैं. सरकारी व्यवस्था विफल होने के कारण, निवासियों को महंगे निजी टैंकर मंगवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है. क्षेत्र में जिन परिवारों में सदस्य अधिक हैं, वहां पानी की खपत ज्यादा होने के कारण पानी की किल्लत और भी गंभीर हो गई है. चौहान नगर में स्थानीय स्तर पर पानी की पूर्ति के लिए कोई भी सरकारी बोरिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है.


### यह बोले रहवासी...



हमारे क्षेत्र में मात्र 20 मिनट नर्मदा का पानी नलों से आता है, जिसमें सिर्फ हम घर के बर्तन ही भर पाते हैं पानी के लिए इधर-उधर जाकर पानी लाना पड़ता है .
– बबीता शेखावत



नलों से इतना कम पानी आता है कि पूर्ति नहीं हो पाती, निगम के टैंकर भी थोड़ा-बहुत पानी देकर चले जाते हैं . अधिकतर क्षेत्रवासी निजी टैंकर पर निर्भर हैं .
– सुलोचना बाई



हमारे परिवार में सदस्य ज्यादा हैं, थोड़े से पानी में पूर्ति नहीं होती अब भीषण गर्मी शुरू हो चुकी है और पानी बिल्कुल कम, ऐसे में हम लोग क्या करें ?
– संतोषी बाई



पार्षद को जब फोन लगाते हैं, तब टैंकर आता है . क्षेत्र बड़ा होने से पानी की पूर्ति नहीं हो पाती . ऐसे में हमारे क्षेत्र में सरकारी बोरिंग की सुविधा कर देनी चाहिए .
– योगेंद्र शेखावत